कार्यालय महालेखाकार(लेखा व हक0)–द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

पत्रांक-ले.ह.-2/03/निसप्र/ ग्रुप-II/67/2018/खंड-I/ 762 दिनांक- 16.02.2023

सेवा में,

खंडीय लेखाधिकारी/खंडीय लेखाकार

(संबन्धित खंड)

विषय:- उच्चन्त एवं प्रेषण लेखाशीर्षों के अंतर्गत अवशेषों के निस्तारण के संबंध में।

महोदय,

इस कार्यालय के अभिलेखों में उच्चन्त एवं प्रेषण शीर्षों से संबन्धित अवशेष दीर्घकाल से लंबित चल रहे हैं। जिनका निस्तारण खंड स्तर से किया जाना है। पूर्व में भी इस कार्यालय द्वारा लंबित अवशेषों के निस्तारण हेतु सूचित किया गया है, किन्तु उक्त अवशेष अद्यतन अनिस्तारित हैं, जिस पर महालेखाकार महोदय (लेखा एवं हक़)-II द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है। इसी क्रम में महालेखाकार महोदय द्वारा यह आदेशित किया गया है कि खंडीय लेखाधिकारी/खंडीय लेखाकारों को उक्त विसंगतियों के शीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित किया जाए।

अतः महालेखाकार महोदय के उक्त आदेशों के अनुक्रम में आपको यह निर्देशित किया जाता है कि इस पत्र के साथ संलग्न खंडवार अवशेषों की सूची (माह 10/22) में अपने खंड से संबन्धित उच्चन्त एवं प्रेषण शीर्षों के अवशेषों/ ऋणात्मक अवशेष इत्यादि का संज्ञान लें एवं उक्त का निराकरण इस पत्र की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर करवाते हुए, इस संबंध में आप द्वारा किये गए प्रयासों से इस कार्यालय को निम्नलिखित प्रारूप में अवगत करायें।

यहाँ यह भी अवगत करना है की पत्र एवं संलग्नकों की प्रति अधिशासी अभियंता को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

क्र.सं.	उच्चन्त/प्रेषण मद का नाम	पूर्व माह में अवशेष	निस्तारण हेतु किए गए प्रयासों का विवरण	प्रयासों के फलस्वरूप माह में निस्तारित धनराशि

संलग्नक:-यथोपरि

भवदीय

वरिष्ठ. लेखाधिकारी/नि.स.(प्र.)